दिनांक-26.11.2024 समय-7.10एएम

प्रादेशिक समाचार एकांश

आकाशवाणी, भोपाल

प्रातःकालीन समाचार

मुख्य समाचार :-

- आज संविधान दिवस की 75वीं वर्षगांठ पर संसद में विषेष कार्यक्रम, प्रधानमंत्री सर्वोच्च न्यायालय में आयोजित समारोह में होंगे षामिल।
- नई दिल्ली में आईसीए वैश्विक सहकारी सम्मेलन का उद्घाटन, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सहकारिता क्षेत्र को जलवायु अनुकूल बनाने के महत्व पर दिया बल।
- मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव ने ब्रिटिश सांसदों से मुलाकात कर मध्यप्रदेश किया आमंत्रित।
- केंद्रीय मंत्रिमंडल ने अटल इनोवेशन मिशन को जारी और दो हजार करोड से अधिक के आवंटित बजट को दी मंजूरी।

संविधान दिवस

आज संविधान दिवस की 75वीं वर्षगांठ है। आज ही के दिन संविधान को अंगीकार किया गया था। सरकार ने इस अवसर पर आज से एक वर्ष तक चलने वाले समारोह की शुरूआत की है। ये समारोह 26 नवम्बर, 2025 तक देशभर में आयोजित किए जाएंगे। संविधान सभा ने 26 नवम्बर, 1949 को संविधान को अंगीकार किया था और यह 26 जनवरी 1950 को लागू हुआ था। संविधान दिवस के अवसर पर दिल्ली में संविधान सदन के केंद्रीय कक्ष में एक भव्य समारोह आयोजित किया जाएगा, जहां राष्ट्पति द्रौपदी मुर्मु संसद के दोनों सदनों को संबोधित करेंगी। संविधान दिवस पर एक स्मारक सिक्का और डाक टिकट भी जारी किया जाएगा।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज सर्वोच्च न्यायालय में सविधान दिवस समारोह में शामिल होंगे। इस अवसर पर वे उपस्थित लोगों को संबोधित भी करेंगे। कार्यक्रम का आयोजन सर्वोच्च न्यायालय द्वारा किया जा रहा है।

वहीं आज भोपाल में राज्यपाल मंगुभाई पटेल की उपस्थिति में राज्य-स्तरीय ‘‘संविधान दिवस‘‘ कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम में प्रदेश की विविध विभूतियों का स्मरण किया जाएगा। इसमें संविधान निर्माण सम्बंधी प्रदर्शनी लगाई जाएगी और संविधान संबंधी लघु फिल्म भी प्रदर्शित की जाएगी।

संविधान गीत

संविधान ने भारत की महिलाओं को सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा की है, यही कारण है कि आज इस पावन अवसर पर मध्यप्रदेश की राजधानी भोपाल की महिलाओं ने संविधान गीत की कुछ पंक्तियों को गुनगुनाया।

प्रधानमंत्री- सहकारी सम्मेलन

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सहकारिता क्षेत्र को जलवायु अनुकूल बनाने के महत्व पर बल दिया। कल नई दिल्ली के भारत मंडपम में आईसीए वैश्विक सहकारी सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए श्री मोदी ने सहकारी क्षेत्र में स्टार्ट-अप्स को बढावा देने की तत्काल आवश्यकता पर बल दिया। श्री मोदी ने कहा कि सहकारी क्षेत्र विशेषकर ग्लोबल साउथ के देशों को विकास हासिल करने में सहायक हो सकता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि....

इस अवसर पर सहकारिता मंत्री अमित शाह ने कहा कि सहकारी क्षेत्र को सशक्त बनाने के लिए पिछले तीन वर्षों में सरकार ने कई कदम उठाए हैं। इस कारण भारत सहकारी क्षेत्र में एक विश्व मित्र के रूप उभरकर सामने आया है। उन्होंने कहा कि सहकारी नेटवर्क का विस्तार करके एक नए आर्थिक मॉडल को बेहतर और अधिक सुदृढ भविष्य निर्मित करने के लिए प्रधानमंत्री मोदी के दृष्टिकोण के अनुरूप आकार दिया जा रहा है। श्री शाह ने कहा कि सरकार ने सरकारी क्षेत्र को सशक्त और सुदृढ बनाने के लिए 60 से अधिक पहल की है।

लोकसभा-बाघ

केंद्रीय पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह ने कहा है कि नमूना क्षेत्रों की निरंतर की गयी तुलना के अनुसार भारत में बाघों की आबादी 6 प्रतिषत प्रतिवर्ष की दर से बढ़ रही है। उन्होंने कल लोकसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में यह बात कही। श्री सिंह ने कहा कि 2022 में किए गए अखिल भारतीय बाघ आकलन के अनुसार बाघों की आबादी में वृद्धि हुई है। 2022 में बाघों की अनुमानित संख्या 3 हजार 682 थी जबकि 2018 में यह 2 हजार 967 और 2014 में 2 हजार 226 थी। उन्होंने यह भी बताया कि 2021 से इस वर्ष के 20 नवंबर की अवधि के दौरान अवैध शिकार सहित अप्राकृतिक कारणों से इकहत्तर बाघों की मौत हो गई।

मुख्यमंत्री-यूके

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव यूके यात्रा पर हैं। कल उन्होंने विभिन्न अवसरों पर षामिल होते हुए ब्रिटिश सांसदों से मुलाकात भी की। सांसदों ने मध्यप्रदेश को एक उभरता हुआ राज्य बताया। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने फरवरी-2025 में भोपाल में आयोजित होने वाली ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में ब्रिटिश सांसदों, निवेशकों और भारतवंशियों को आमंत्रित किया है। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ यादव ने कहा-

बाइट-मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव

हम होंगे क़ामयाब-पखवाड़ा

महिला बाल विकास मंत्री निर्मला भूरिया ने कहा कि आज का ज़माना सोशल मीडिया का है, इसलिए सोशल मीडिया प्लेटफ़ॉर्म पर महिलाओं और लड़कियों की सुरक्षा पर विशेष ध्यान दिए जाने की आवश्यकता है। सुश्री भूरिया कल भोपाल में "हम होंगे क़ामयाब" पखवाड़े के शुभारंभ समारोह को संबोधित कर रही थी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के संदेश का भी प्रसारण किया गया। उन्होंने अपने संदेश में प्रदेशवासियों से अपील करते हुए कहा है कि हमारी बेटियों और बहनों की सुरक्षा और सम्मान सुनिश्चित करना आवश्यक है। प्रदेश में 10 दिसंबर तक "हम होंगे क़ामयाब" पखवाड़ा मनाया जा रहा है।

भारत अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव

भारत अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव में प्रसिद्ध ऑस्ट्रेलियाई फिल्म निर्माता फिलिप नोयस ने कहा कि फिल्म निर्माण की लागत में कमी आनी चाहिए। उन्हों्ने न्यू हॉलीवुड में अस्तित्व थीम पर मास्टरक्लास सत्र में यह बात कही। उन्होंने कहा कि किसी भी फिल्म के लिए प्री-सेल्स बेहद महत्वपूर्ण है।

श्री नोयस ने प्री-प्रोडक्शन प्रक्रिया में दक्षता बढ़ाने और उत्पादन लागत को कम करने के लिए एनिमेट्रॉनिक्स और स्टोरीबोर्डिंग के उपयोग की वकालत की। नोयस ने सिनेमा प्रेमियों से विकसित हो रहे फिल्म उद्योग पर चर्चा की। उन्होंने कहा कि स्मार्टफोन "भविष्य का स्टूडियो" है। श्री नोयस को इस वर्ष का सत्यजीत रे लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड भी मिला है।

मंत्रिमंडल-एआईएम 2.0

केंद्रीय मंत्रिमंडल ने अपनी प्रमुख पहल अटल इनोवेशन मिशन-एआईएम को कार्य के बढ़े हुए दायरे और 31 मार्च, 2028 तक की अवधि के लिए 2 हजार 750 करोड़ रुपये के आवंटित बजट के साथ जारी रखने की मंजूरी दे दी है। एआईएम 2.0, विकसित भारत की दिशा में एक कदम है, जिसका उद्देश्य भारत के पहले से ही जीवंत नवाचार और उद्यमिता के वातावरण को विस्तार, मजबूती तथा गहराई प्रदान करना है।एआईएम के जारी रहने से सभी क्षेत्रों में बेहतर नौकरियां, नवीन उत्पाद और उच्च प्रभाव वाली सेवाएं उपलब्ध कराने में काफी मदद मिलेगी।

केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक के बाद पत्रकारों से सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि एआईएम 2.0 को इनपुट बढ़ाकर और आउटपुट की गुणवत्ता में सुधार करके भारत के नवाचार और उद्यमिता के वातावरण को मजबूत करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। श्री वैष्णव ने कहा कि जम्मू-कश्मीर, उत्तर पूर्व, आकांक्षी जिलों और ब्लॉकों में 2 हजार 500 नई लैब खोली जाएंगी।

मंत्रिमंडल - पैन-2.0

आर्थिक मामलों की मंत्रिमंडल समिति ने आयकर विभाग की पैन परियोजना के दूसरे चरण को मंजूरी दे दी है। इस परियोजना पर 1 हजार 435 करोड़ रुपये का खर्च आएगा। सूचना और प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कल पत्रकारों से कहा कि इस चरण में पूरे मौजूदा तंत्र को संवर्धित किया जाएगा और पोर्टल को एकीकृत किया जाएगा। उन्होंने कहा कि पैन के दूसरे चरण में मजबूत साइबर सुरक्षा उपाय किए जाएंगे। श्री वैष्णव ने स्पष्ट किया कि मौजूदा पैन नम्बर बने रहेंगे।

सबसे युवा खिलाड़ी-आईपीएल

13 वर्षीय वैभव सूर्यवंशी आईपीएल के इतिहास में अनुबंध पाने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बन गए हैं। आईपीएल 2025 के लिए नीलामी के दूसरे दिन आज यह इतिहास रचा गया। राहुल द्रविड़ के नेतृत्व में राजस्थान रॉयल्स ने 1 करोड़ दस लाख रुपये की कीमत पर उन्हें शामिल किया। वैभव ने हाल ही में अंतरराष्ट्रीय शतक बनाने वाले सबसे कम उम्र के बल्लेबाज बनकर पहचान बनाई थी। उन्होंने चेन्नई में ऑस्ट्रेलिया अंडर-19 के खिलाफ भारत अंडर-19 की ओर से खेलते हुए यूथ टेस्ट में 62 गेंदों पर 104 रन बनाकर यह उपलब्धि हासिल की थी।

समाचार संक्षेप में .....

पन्ना में हम होंगे कामयाब पखवाड़ा के प्रारंभ होने के पहले दिन जेंडर आधारित हिंसा एवं अपराध की रोकथाम पर कार्यक्रम आयोजित किये गए। जिले की विभिन्न संस्थाओं, आंगनवाड़ी केन्द्रों, स्कूल, महिला एवं बालक-बालिका गृहों में वेबीनार के जरिए लोगों को जोड़कर संवाद किया गया।

...................................